पूर्णतः सजग है और उसने इस बुराई को दूर करने के लिए कारगर उपाय किये है। ऐसे अपराधों के लिए पकड़े गये व्यक्तियों के खिलाफ नियमों के अनुसार कार्रवाई की जाती है। एक जनवरी से 30 जून, 1981 की अवधि के दौरान गाड़ी की छत में यात्रा करने के अपराध में कुल 25 व्यक्तियों के विरुद्ध कार्रवाई की गयी थी। पिछले दो वर्षों के दौरान इस खण्ड पर तोड़-फोड़ के किसी मामले की सूचना नहीं मिली है। जांच कार्यों में और अधिक वृद्धि की जा रही है।

(घ) कोटा-बीना खण्ड पर चल रही गाड़ियों के निर्धारित 4 डिब्बे से 10 डिब्बे तक के वास्तविक भार के मुकाबले में 4 डिब्बे से 11 डिब्बे तक चल रहे हैं।

(ङ) कम डिब्बा भार के चालन का कारण दूसरे दर्जे के डिब्बों की अत्यधिक कमी है। डिब्बों की स्थिति में सुधार होने पर गाड़ियां निर्धारित डिब्बा-भार के साथ चलने लगेंगी।

नई दिल्ली और दिल्ली स्टेशन के लिए बेचे गए टिकट

2760. **श्री रामावतार शास्त्री :** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि अप्रैल, 1981 से जून, 1981 की अवधि के दौरान दोनों उन्नाव और फाफामऊ रेलवे स्टेशनों के बीच आने वाले स्टेशनों से दिल्ली और नई दिल्ली के लिये, स्टेशन-वार, कितने टिकट बेचे गये थे ?

रेल मंत्रालय तथा संसदीय कार्य विभाग में उप-मंत्री (श्री मल्लिकार्जुन) : अप्रैल, 1981 से जून, 1981 की अवधि के दौरान दोनों उन्नाव और फाफामऊ स्टेशनों के बीच पड़ने वाले स्टेशनों से दिल्ली और नई दिल्ली के लिए स्टेशन-वार बेचे गये टिकटों की संख्या नीचे दी गयी है :—

क्र० सं०	स्टेशन का नाम	बेचे गये टिकटों की सख्या
1.	उन्नाव	1699
2.	बीघापुर	147
3.	तकिया	35
4.	लालगंज	353
5.	डलमऊ	89
6.	ऊंचाहार	437
7.	परियावां कलां	863
8.	कुंडा हरनामगंज	1744
9.	लाल गोपालगंज	288
10.	अटरामपुर	20
11.	फाफामऊ	764

Death rate of Marine Employees

2761. SHRI RAMAVATAR SHASTRI : Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state :

(a) whether the death rate among the Marine employees is very high as compared to other departments of the North Eastern Railway ;

(b) if so, the reasons therefor ; and

(c) the steps taken by Government to prevent or to minimise it ?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF RAILWAYS AND IN THE DEPARTMENT OF PARLIAMENTARY AFFAIRS (SHRI MALLIKARJUN) : (a) No.

(b) and (c) : Does not arise.